डॉ.जी.के.द्विवेदी
परीक्षा नियंत्रक

# उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

*विश्वविद्यालय मुख्य परिसर*

*शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ), फाफामऊ, इलाहाबाद–211021*

दिनांकः 21/09/2017

## महत्वपूर्ण सूचना

विश्वविद्यालय के समस्त क्षेत्रीय केन्द्रों/अध्ययन केन्द्रों तथा परीक्षा जून–2017 में सम्मिलित सभी छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि परीक्षा जून–2017 के परीक्षाफल घोषित होने शुरू हो गये हैं। आप सभी उसका ऑनलाइन अवलोकन करने का कष्ट करें। यदि किसी भी प्रश्न–पत्र से सम्बन्धित अधिन्यास/टर्मिनल/प्रोजेक्ट का अंक/प्रयोगात्मक अंक प्रदर्शित नहीं हो रहा है तो उस सम्बन्ध में परीक्षाफल घोषित होने के एक सप्ताह के अन्दर विश्वविद्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें ताकि आपका परीक्षाफल अपडेट किया जा सके। एक सप्ताह के पश्चात संदर्भित प्रकरण पर विचार तो किया जायेगा किन्तु यदि समयान्तर्गत परीक्षाफल अपडेट न होने के कारण आप किसी भी प्रकार के लाभ से वंचित होते हैं तो उसका उत्तरदायित्व विश्वविद्यालय का नहीं होगा। इसके लिए शिक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे। इसके साथ आपको यह भी सूचित करना है कि परीक्षाफल घोषित होने के 90 दिनों के पश्चात आपके प्रार्थना पत्र पर विश्वविद्यालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा और जिस प्रश्न–पत्र के परीक्षा परिणाम अपूर्ण होंगे उस प्रश्न–पत्र को आप आगामी परीक्षा के सापेक्ष बैक शिक्षार्थी के रूप में ही पूर्ण करेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक**

प्रतिलिपि :–

1. सभी क्षेत्रीय केन्द्रों के निदेशक को इस आशय के साथ कि अपने से सम्बन्धित सभी अध्ययन केन्द्रों के समन्वयक को सूचित करने का कष्ट करें।
2. सभी अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों को इस आशय के साथ कि वे अपने अध्ययन केन्द्र से सम्बन्धित सभी परीक्षार्थियों (परीक्षा जून–2017) को अवगत कराने का कष्ट करें।
3. कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
4. वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
5. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

**परीक्षा नियंत्रक**